इकाई प्रश्न पत्र - 1

1. भाषा किसे कहते हैं? इसके दो प्रमुख रूपों के नाम लिखिए।

भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं। इसके दो रूप हैं – 1. मौखिक 2. लिखित।

2. हिंदी वर्णमाला में स्वर और व्यंजन वर्णों की संख्या कितनी हैं? लिखिए तथा स्वर वर्ण भी लिखिए।

हिंदी वर्णमाला में स्वर वर्णों की संख्या ग्यारह (11) है तथा व्यंजन वर्णों की संख्या तैंतीस (33) है। स्वर वर्ण हैं– अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ।

3. अनुनासिक और अनुस्वार में क्या अंतर है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

जब किसी ध्वनि के उच्चारण में हवा नाक से निकले तो उसके लिए जिस बिंदु का सहारा लिया जाता है, उसे अनुस्वार कहते हैं; जैसे – चंदन, बंधन, वंदन आदि। जब किसी ध्वनि को बोलते समय हवा मुँह और नाक दोनों से निकले तो वर्ण के ऊपर चंद्रबिंदु (ँ) लगाते हैं। इस ध्वनि को अनुनासिक कहते हैं; जैसे – आँगन, माँग आदि।

4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

पृष्ठ – प् + ऋ + ष् + ठ् + अ

कीर्तन – क् + ई + र् + त् + अ + न् + अ

अहंकार – अ + ह् + अं + क् + आ + र् + अ

5. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के सही तद्भव रूप का चयन कीजिए।

अक्षि	–	अँखियाँ	☐	आँख	☑	नेत्र	☐
दंत	–	दंतियाँ	☐	दाँत	☑	दान्त	☐
आश्रय	–	आस	☐	आसरा	☑	आश्रित	☐
भ्रातृ	–	भाई	☑	मातृ	☐	माता	☐

6. निम्नलिखित शब्दों के लिए सही भाववाचक संज्ञाएँ चुनिए।

चढ़ना	–	चढ़िए	☐	चढ़ाई	☑	चढ़ें	☐
घुलना	–	घोल	☐	घुली	☐	घुलाव	☑
रोना	–	रुआँसा	☐	रोंदू	☐	रुलाई	☑
छपना	–	छपाई	☑	छापा	☐	छापाखाना	☐

7. उचित बहुवचन रूप पहचानिए।

छात्रा –	छात्रों	☐	छात्राएँ	☑
रात –	रात्रि	☐	रातें	☑
मुखड़ा –	मुँह	☐	मुखड़े	☑
अध्यापक –	अध्यापकगण	☑	अध्यापिकाएँ	☐

8. कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।

कारक के आठ भेद हैं–

1. कर्ता कारक 2. कर्म कारक 3. करण कारक 4. संप्रदान कारक

5. अपादान कारक 6. संबंध कारक 7. अधिकरण कारक 8. संबोधन कारक

9. निश्चयवाचक सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण में क्या अंतर है? लिखिए।

जो सर्वनाम शब्द दूर या पास की किसी वस्तु के बारे में निश्चयपूर्वक कुछ बताएँ, वे निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं तथा जब कोई सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर प्रयोग न होकर उसके साथ प्रयोग होकर उसकी विशेषता बताए तो वह सार्वनामिक विशेषण होता है।

10. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया को रेखांकित करते हुए अकर्मक-सकर्मक के आधार पर भेद का नाम लिखिए।

(क) आप <u>हँसते रहिए।</u> **अकर्मक**

(ख) अब तुम <u>आ जाओ।</u> **अकर्मक**

(ग) उसने भोजन <u>कर लिया।</u> **सकर्मक**

(घ) सविता चाय <u>बना रही है।</u> **सकर्मक**

(ङ) घोड़ा <u>हिनहिना रहा है।</u> **अकर्मक**

(च) लता फिल्म <u>देख रही है।</u> **सकर्मक**